प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने नई उत्पाद नीति 2025 का प्रारूप किया जारी लोगों से मांगी गई आपत्तिया, एक मार्च से शराब की बिक्री निजी हाथों में देने की तैयारी।
2. पशुपालन विभाग ने बर्ड फ्लू को लेकर जारी किया एसओपी, वेटनरी कॉलेज परिसर के 3 किलोमीटर परिसर में बिक्री पर लगाई गई रोक।
3. प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम कल, झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना ने कहा राज्य के सभी विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी होंगे कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल।
4. रांची से कुंभ के लिए 17 से 28 फरवरी तक होगी सीधी विमान सेवा शुरू, डीजीसीए ने दी अनुमति।
5. 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड ने लॉन बाल में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीता, झारखंड अंक तालिका में 15वें स्थान पर।

******************

राज्य सरकार शराब के खुदरा कारोबार से हटने जा रही है। अब यह कारोबार निजी हाथों में सौंपा जाएगा। राज्य सरकार ने उत्पाद नीति 2025 को अधिसूचित करने के लिए आपत्तियां मांगी हैं। झारखंड बिवरेज कॉरपोरेशन –जेएसबीसीएल अब सिर्फ थोक कारोबार करेगा। प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए हो रही खुदरा बिक्री बंद होगी। एक मार्च से शराब की खुदरा बिक्री व्यापारियों के माध्यम से होगी। उत्पाद विभाग दुकानें आवंटित करने के लिए आवेदन मांगेगा। लॉटरी के जरिए दुकानों की बंदोबस्ती होगी।

******************

भाजपा ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज की। 27 साल बाद राजधानी में कमल खिला। आम आदमी पार्टी को करारी हार मिली। 70 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा को 48 सीटें मिलीं। आप 22 सीटों पर सिमट गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत पर दिल्लीवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चौतरफा विकास और लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह हमारी गारंटी है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा 10 फरवरी को सुबह 11 बजे होगी। इसे लेकर झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दिव्येंदु तिग्गा ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र–छात्राएं शिक्षकों के साथ इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह भी निर्देश दिया गया है कि स्कूलों में आईसीटी, स्मार्ट क्लास या अन्य माध्यमों से ऑनलाइन संबोधन सुनने की व्यवस्था सभी स्कूल करे।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय कोयला मंत्री से मुलाकात की। रांची लौटने के बाद उन्होंने बताया कि झारखंड के कोयला रॉयल्टी के बकाये एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपए के मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई।

******************

पशुपालन विभाग ने रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पोल्ट्री में मिले बर्ड फ्लू को लेकर स्टैंडर्ड प्रोसिड्यूर ऑफ ऑपरेशन (एसओपी) जारी कर दिया है। वेटनरी कॉलेज परिसर से तीन किलोमीटर के दायरे में बर्ड की खरीद–बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। एसओपी जिले के उपायुक्त और जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजा गया है। विभागीय निदेशक किरण कुमार पासी ने बताया कि भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

******************

कुंभ स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को रांची से प्रयागराज के लिए सीधी विमान सेवा मिलेगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि इंडिगो 17 से 28 फरवरी तक सप्ताह में तीन दिन प्रयागराज के लिए उड़ान भरेगी। डीजीसीए ने इसकी अनुमति दे दी है। विमान सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगा। यह विमान प्रयागराज से सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरेगा और साढ़े ग्यारह बजे रांची पहुंचेगा। वापसी में रांची से दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और 1 बजकर 10 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगा।

******************

केंद्र सरकार ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 12 हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं।

******************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के सम्मेलन में शामिल हुए। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देशभर से आए विधायकों के क्षमता विकास कार्यक्रम के दूसरे सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधायिका का कार्य कानून बनाना है, लेकिन विधेयकों पर चर्चा कम हो रही है।

******************

कुड़मी को एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर 20 सितंबर से फिर रेल टेका आंदोलन शुरू होगा। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में 100 स्टेशनों पर रेलवे का परिचालन ठप कराया जाएगा। यह फैसला शुक्रवार को मुरगुमा में आदिवासी कुड़मी समाज की बैठक में लिया गया।

******************

खूंटी पुलिस ने अवैध अफीम खेती के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। खेतों में अफीम की फसल की देखभाल कर रहे 10 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया गया।एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि अवैध अफीम खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

******************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला 2025 में आज झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो शामिल होंगे। कार्यक्रम में पशु पक्षी की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

******************

हजारीबाग में पहली बार कैनरी बर्ड फेस्टिवल का आयोजन हुआ। पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ विकास कुमार उज्जवल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।

******************

कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने आज कोल इंडिया रांची मैराथन–2025 का आयोजन किया। यह मैराथन हर साल आयोजित होती है। इस बार 10 श्रेणियों में कुल 35 लाख 10 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मैराथन में प्रसिद्ध मुक्केबाज मेरी कॉम भी शामिल हुईं।

******************

38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को झारखण्ड ने दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। लॉन बॉल पुरुष फोर्स स्पर्धा में दिनेश, अभिषेक लकड़ा, वसीम अकरम और आलोक लकड़ा की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुष सिंगल्स में सुनील बहादुर ने झारखंड को दूसरा स्वर्ण दिलाया। महिला ट्रिपल स्पर्धा में सरिता तिर्की, रेशमा और कविता को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। महिला डबल्स में लवली चौबे और रूपा रानी तिर्की ने कांस्य पदक जीता। झारखंड 7 स्वर्ण, 5 रजत और 8 कांस्य समेत कुल 20 पदक के साथ अंक तालिका में 15वें स्थान पर है।

******************

<u>और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत को मिली खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है दिल्ली में खिला कमल आप सत्ता से साफ।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है दिल से उतरे आप केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश ने 4000 वोट से हराया।

हिंदुस्तान ने लिखा है बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के 1 किलोमीटर के दायरे में मुर्गी और अंडे की बिक्री पर लगी रोक।

दैनिक जागरण लिखता है दिल्ली में 27 साल बाद खिला कमल।

टाइम्स आफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी दिल्ली विधानसभा में भाजपा को मिली भारी जीत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*************